**समाचार** विज्ञप्ति

# घरों और व्यवसायों को सूखे और बाढ़ से बचाना

27 मार्च, 2025 मीडिया पूछताछ

## अल्बर्टा बजट 2025, यदि यह पारित हो जाता है, के माध्यम से परिवारों और व्यवसायों को भविष्य में बाढ़ और सूखे से बचाने में मदद करने के लिए $19 मिलियन से अधिक का निवेश कर रहा है।

हाल के वर्षों में, पूरे प्रांत में सूखे और बाढ़ का अनुभव किया गया, तथा अल्बर्टा वासियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण करना कई नगर पालिकाओं के लिए महंगा हो सकता है। यही कारण है कि अल्बर्टा की सरकार घरों की सुरक्षा, व्यवसायों की सुरक्षा और अंततः जीवन बचाने के लिए सूखा और बाढ़ संरक्षण प्रोग्राम (Drought and Flood Protection Program) के माध्यम से 10 विभिन्न परियोजनाओं में $19 मिलियन अधिक का निवेश कर रही है।

ये 10 परियोजनाएं, सूखे के प्रभावों को कम करने के लिए जल भंडारण को बढ़ाते हुए और पूरे प्रांत में अन्य आवश्यक परियोजनाओं का निर्माण करते हुए, बाढ़ से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा करने में मदद करेंगी।

“अल्बर्टा वासियों ने बाढ़ और सूखे के हमारे समुदायों और आजीविका पर पड़ने वाले प्रभावों को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। यह धनराशि अगली पीढ़ी की सूखा और बाढ़ निवारण परियोजनाओं के निर्माण में समुदायों को सहायता कर रही है। हालांकि हम मौसम को बदल

Classification: Public

नहीं सकते, लेकिन हम आने वाले वर्षों के लिए परिवारों, व्यवसायों और समुदायों की सुरक्षा में मदद कर सकते हैं।"
*रेबेका शुल्ज़, पर्यावरण और संरक्षित क्षेत्र मंत्री*

इस धनराशि से आठ नगर पालिकाओं और दो फर्स्ट नेशनज़ को ऐसी परियोजनाएं के निर्माण में मदद मिलेगी, जो घरों और व्यवसायों को सूखा रखने, आपात स्थितियों के दौरान महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को चालू रखने और पानी तक विश्वसनीय पहुंच बनाए रखने के लिए तैयार की गई हैं। इसमें निम्नलिखित सामुदायिक अपग्रेड शामिल हैं:

- बाढ़ के दौरान स्लेव लेक हवाई अड्डे और हेलिटैक बेस की सुरक्षा के लिए एक रिटेनिंग दीवार का निर्माण।
- सिक्सिका नेशन के नवनिर्मित वाशिंगटन सीवेज लैगून और अन्य स्थानीय बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए एक बर्म का निर्माण।
- मेडिसिन हैट वेस्टवॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की सुरक्षा के लिए दक्षिण सस्केचवान नदी के किनारे 300 मीटर की तटरेखा सुरक्षा का निर्माण।
- सेंट अल्बर्ट में बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में मदद के लिए कैरट क्रीक के साथ भूक्षरण (erosion) को रोकना।
- सूखे के जोखिम को कम करने और जल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सेंट पॉल में प्राकृतिक तूफानी जल प्रबंधन तालाब का निर्माण करना।
- लैंडन डिच को तूफानी पानी के प्रबंधन और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए एक प्रणाली से प्रतिस्थापित करके कैलगरी क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा में सुधार करना।

अल्बर्टा की सरकार सूखा और बाढ़ सुरक्षा प्रोग्राम में पांच वर्षों में $125 मिलियन का निवेश कर रही है, जिसके परिणाम पहले से ही दिखने लगे हैं। पिछले वर्ष सरकार ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, जो अब चल रही हैं, के लिए काउंटियों, कस्बों, शहरों और इन्डिजनस साझेदारों को लाखों डॉलर प्रदान किए। कुल मिलाकर, इस प्रोग्राम के माध्यम से अब तक 28 परियोजनाओं में $50 मिलियन से अधिक का निवेश किया जा चुका है।
वित्तपोषण आवेदनों का अगला दौर अक्टूबर में खुलेगा, जिसमें व्यवसायों, परिवारों और समुदायों की सुरक्षा के लिए $25 मिलियन की अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध होगी।

बजट 2025, शिक्षा और स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, परिवारों के लिए कम करों और अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करते हुए निरंतर निवेश के साथ अल्बर्टा के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना कर रहा है।

## त्वरित तथ्य

- इस दौर में स्वीकृत सभी परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण 2025-26 में किया जाएगा।
- वित्त पोषण प्राप्त करने वाली 10 परियोजनाओं में से सात मुख्य रूप से बाढ़ से निपटने पर केंद्रित हैं, एक सूखे के प्रभावों से निपटने पर केंद्रित है तथा दो परियोजनाएं सूखे और बाढ़ दोनों के प्रभावों को कम करने पर केंद्रित हैं।
- पहले चरण में वित्त पोषण प्राप्त करने वाली 18 परियोजनाओं में से 10 सूखे के प्रभावों से निपटने पर केंद्रित थीं।
- वित्त पोषण के पहले दौर में, $5 मिलियन फोर्ट मके जल आपूर्ति अवसंरचना पुनर्वास के लिए और $727,119 ग्लेनमोर ट्रेल स्टॉर्मवाटर डायवर्जन परियोजना के लिए दिए जाने के साथ, $5,727,119 को 2025-26 तक स्थगित कर दिया गया।

## संबंधित जानकारी

- सूखा और बाढ़ संरक्षण प्रोग्राम
- स्वीकृत परियोजनाएं

## मीडिया पूछताछ

**Ryan Fournier (रायन फ़ौर्नियर)**

780-232-2213

प्रेस सचिव, पर्यावरण एवं संरक्षित क्षेत्र

Classification: Public